मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति (ईआरसी),

आईआईएम अमृतसर की रिपोर्ट

07 मार्च, 2022

प्रोफेसर सैबल चट्टोपाध्याय
प्रोफेसर जी रघुराम
प्रोफेसर एल वी रमण

प्रस्तावना:

दि. 31 जनवरी, 2018 से लागू भारतीय प्रबंध संस्थान अधिनियम 2017 और स्वयं के विनियमों को ध्यान में रखते हुए, आईआईएम अमृतसर मंडल (आईआईएमएएसआर) ने तीन विशेषज्ञों की एक मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति (ईआरसी) स्थापित की:

प्रोफेसर सैबल चट्टोपाध्याय, संचालन प्रबंधन के प्रोफेसर और पूर्व निदेशक, भारतीय प्रबंध संस्थान, कोलकता

प्रोफेसर जी रघुराम, प्रधान शैक्षणिक सलाहकार, राष्ट्रीय रेल एवं परिवहन संस्थान, तथा पूर्व निदेशक, भारतीय प्रबंध संस्थान, बंगलुरु

प्रोफेसर एल.वी. रमण, वित्त एवं लेखा के प्रोफेसर, भारतीय प्रबंध संस्थान, इंदौर

दि. 8 दिसंबर, 2021 को आईआईएमएएसआर के निदेशक के साथ ईआरसी भेट हुई।

इस बैठक में अन्य लोगों ने प्रोफेसर रघुराम से ईआरसी की अध्यक्षता करने का अनुरोध किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। यह भी निर्णय लिया गया कि डेटा इनपुट पर निर्णय लेने के लिए ईआरसी सदस्य आपस में मिल सकते हैं और आईआईएमएएसआर का दौरे के साथ आगे की योजना बना सकते हैं।

मंडल के सचिव श्री लक्ष्मणदेव बी गोहिल, यह श्री प्रिंस सिंघारी, समन्वयक, निदेशक कार्यालय के सहयोग के साथ समन्वयक अधिकारी बनाए गए।

दि. 20 दिसंबर और 24 दिसंबर,2021 को ईआरसी की दो ऑनलाइन बैठकें हुईं। श्री गोहिल द्वारा अनुरोध के अनुसार विभिन्न डेटा इनपुट उपलब्ध कराए गए थे। इसे आईआईएमएएसआर में इसके मुद्रित प्रतियों को भी उपलब्ध कराया गया था।

ईआरसी द्वारा आईआईएमएएसआर का दौरा 29 दिसंबर से 31 दिसंबर, 2021 तक किया गया था। प्रस्तुत आंकड़ों की जांच के अलावा, ईआरसी ने आईआईएमएएसआर की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान कई हितधारकों के साथ बैठकें (प्रदर्श-1) की थीं।

इसके अलावा, अध्यक्ष महोदय ने दि. 26 दिसंबर, 2021 को दिल्ली में पूर्व छात्रों और दि. 28 दिसंबर, 2021 को आईआईएमएएसआर में निदेशक और समन्वय अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जाँचे के लिए बैठक की। ईआरसी के दो सदस्यों ने एक सतत समापन बैठक में निदेशक से मिले और फिर 1 जनवरी, 2022 को एक सामाजिक कार्यक्रम में संकाय सदस्यों से भी मुलाकात की।

इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए आपस में टेलीफोन और ईमेल/व्हाट्सएप द्वारा जानकारी आदान-प्रदान करने के अलावा, ईआरसी ने 12, 19, 24, 28 और 31 जनवरी को ऑनलाइन बैठकें कीं। अनुरोध के अनुसार अधिक डेटा उपलब्ध कराया गया था। प्रदर्श-2 यह ईआरसी को उपलब्ध कराए गए सभी डेटा की सूची प्रस्तुत करता है।

ईआरसी प्रदान किए गए विभिन्न इनपुट के लिए मंडल, निदेशक, समन्वय टीम, संकाय, कर्मचारियों, छात्रों, भर्तीकर्ताओं तथा पूर्व छात्रों सहित सभी हितधारकों से प्राप्त समर्थन हेतु अपना आभार व्यक्त करना चाहता है।

सैबल चट्टोपाध्याय जी रघुराम एल.वी. रमण

अनुक्रमणिका

क्र. सं.	शीर्षक	पृष्ठ सं.
1	संक्षिप्त विवरण	4 से 6
2	शासन एवं नीति	7 से 9
3	शिक्षाक्रम	10 से 13
4	छात्र	14 से 15
5	संकाय एवं क्षेत्र प्रोफ़ाइल	16 से 19
6	अनुसंधान एवं केंद्र	20 से 22
7	कार्यकारी शिक्षा एवं उद्योग संपर्क	23 से 24
8	वित्त एवं प्रशासन	25 से 26
9	संरचना	27
10	वैश्वीकरण एवं स्थानीयकरण	28 से 29
11	नैतिकता, उत्तरदायित्व एवं स्थिरता	30 से 32
12	निष्कर्ष	33 से 34
	प्रदर्श-1: ईआरसी के साथ बैठकों की अनुसूची	35 से 39
	प्रदर्श-2: ईआरसी को प्रस्तुत सूचना की सूची	40 से 42
	प्रदर्श-3: वित्तीय विवरण	43

भाग -1: संक्षिप्त विवरण

तीसरी पीढ़ी के सात आईआईएम में से एक आईआईएम अमृतसर (आईआईएमएएसआर) है, जिसे औपचारिक रूप से आईआईएम अमृतसर सोसाइटी के पंजीकरण पर 27 जुलाई 2015 को स्थापित किया गया था। आईआईएमएएसआर की स्थापना शिक्षा मंत्रालय (पूर्व के मानव संसाधन विकास मंत्रालय) द्वारा पंजाब सरकार के सहयोग से की गई थी। अन्य सभी तीसरी पीढ़ी के आईआईएम की तरह, आईआईएमएएसआर को शुरुवाती वर्षों में एक पुराने आईआईएम द्वारा परामर्श दिया जाना था, यह भूमिका आईआईएमएएसआर के लिए आईआईएम कोझीकोड के पास थी। अन्य आईआईएम के विपरीत, यह परामर्शदाता आईआईएम अधिक अंतर पर था, जिसके लिए कम से कम एक दिन की बहु-उड़ान यात्रा की आवश्यकता होती थी। छात्रों का पहला बैच अगस्त 2015 में दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) के रूप में था। आईआईएमएएसआर शासी मंडल का गठन 14 अक्टूबर 2015 को किया गया था।

संसाधनों से संबंधित, पंजाब सरकार ने कार्यालयों और कक्षाओं के लिए पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के भवन के हिस्से के साथ आईआईएम परिसर हेतु प्रदान किया। शिक्षा मंत्रालय द्वारा उन्नयन, उपकरण और पुस्तकालय के लिए एक पूंजी अनुदान प्रदान किया गया था। छात्रावास का प्रबंध लागत के आधार पर किया जाना था। यह 25 से 30 मिनट बस के समय के साथ लगभग 10 किमी दूर स्थित है। कुछ आवश्यक अतिरिक्त कार्यालय परिसर लीज भुगतान पर, मुख्य परिसर के निकट ले लिया गया है। स्थायी परिसर हेतु पंजाब सरकार ने 61 एकड़ भूमि उपलब्ध करायी है, जो निर्माणाधीन है। शिक्षा मंत्रालय ने लगभग 343 करोड़ रुपये के स्थायी परिसर निर्माण के लिए एचईएफए के माध्यम से एक ऋण लिया है, जिसमें से 87.5% एक पूंजीगत अनुदान है, और 12.5% का भुगतान आईआईएमएएसआर द्वारा किया जाना है।

संचालन के संदर्भ में, शिक्षा मंत्रालय वर्ष 2022-23 तक परिचालन खर्च के लिए प्रति पदवी छात्र को 5 लाख रुपये का अनुदान प्रदान करता है, जो अनुदान इसके आरंभ के बाद से अधिकतम 90 करोड़ रुपये (1800 छात्र-वर्ष) के अधीन है। आईआईएमएएसआर यह शिक्षा शुल्क लेने और अन्य शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से आय अर्जित करने के लिए स्वतंत्र है।

आईआईएमएएसआर, अन्य सभी आईआईएम के साथ, 31 जनवरी, 2018 से लागू भारतीय प्रबंध संस्थान अधिनियम - 2017 के निर्माण हुआ है। अधिनियम ने मंडल द्वारा शासन के तहत संस्था को अधिक स्वायत्तता दी। एक महत्वपूर्ण परिणाम यह हुआ कि प्रत्येक आईआईएम पदवी प्रदान करने वाला संस्थान बन गया और इसलिए पीजीपी को केवल प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएम) के अलावा एमबीए से सम्मानित किया जा सकता था।

आईआईएमएएसआर के पहले पूर्णकालिक निदेशक, प्रोफेसर नागराजन रामामूर्ति, 15 जुलाई, 2019 को पांच वर्ष के कार्यकाल के साथ 14 जुलाई, 2024 तक नियुक्त हुए।

पिछले कुछ वर्षों में आईआईएमएएसआर ने कई उपलब्धियां प्राप्त की है। वर्ष 2015-17 में एक पदवी प्रदान करने वाले शिक्षा कार्यक्रम से शुरू होकर, वर्ष 2021-22 में इसने छात्रों को एमबीए के सातवें बैच सहित पांच पदवी शिक्षा कार्यक्रमों में प्रवेश दिया। प्रबंध में पांच वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम तैयार है। एमबीए कार्यक्रमों में प्रवेश करने वाले छात्रों की संख्या वर्ष 2015 के 44 से बढ़कर वर्ष 2021 में 309 हो गई है, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2021-22 के दौरान कुल छात्र संख्या 521 हो गई है। इसने कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम और परामर्श परियोजनाएं शुरू की हैं। एक दीर्घ अवधि का प्रमाणपत्र कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। दिसंबर 2021 तक, आईआईएमएएसआर मे शिक्षण और अनुसंधान से संबंधित कुल 28 पूर्णकालिक संकाय थे। यह संख्या वर्ष 2018-19 के संख्या से 10 से अधिक हुई है।

कुल आय यह वर्ष 2018-19 में 14 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 59 करोड़ रुपये (अपेक्षित) हो गई है, और संभवत: वर्ष 2022-23 में 80 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी। हाल ही में वार्षिक अधिशेष 20 करोड़ रुपये से ऊपर है, जो मार्च 2022 तक 78 करोड़ रुपये और मार्च 2023 तक संभवतः 100 करोड़ रुपये को जोड़ देगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 से, शिक्षा मंत्रालय का अनुदान बंद हो जाएगा, और एचईएफए पुनर्भुगतान पांच वर्षों के लिए प्रति वर्ष लगभग 9 करोड़ रुपये से शुरू होगा। इसके लिए आय पर कड़ी नजर रखने की आवश्यकता होगी।

उपरोक्त और समग्र मूल्यांकन के आधार पर, ईआरसी ने आईआईएमएएसआर की निम्नलिखित शक्तियों और कमियों को स्पष्ट किया है:

1. शक्तियां:
    - क- 'उचित' दृष्टिकोण के साथ गुणवत्ता धारक संकाय
    - ख- निदेशक - कार्य प्रेरित, विस्तार उन्मुख, कार्य द्रष्टा एवं प्रत्यायोजन तज्ञ, नेटवर्क वृद्धि हेतु तत्पर
    - ग- प्रणाली एवं संरचनाओं की उपलब्धता
    - घ- समर्थक मंडल
    - ङ- स्थान – अमृतसर। यह एक लाख से अधिक आबादी वाला बड़ा शहर है। अमृतसर यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का आकर्षक सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र है। यह शहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन के साथ है और राजमार्गों के साथ जुड़ा हुआ है। 100 किमी के दायरे में महत्वपूर्ण उद्योग और व्यवसाय हैं। यहां बच्चों के लिए अच्छी स्कूली शिक्षा और जीवनसाथी के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं।

2. कमियां

क- स्थान के अनुसार विभाजित है और अपर्याप्त अस्थायी परिसर का बुनियादी ढांचा। नए परिसर से यह कमी पूर्ण की जानी चाहिए।

ख- निर्णय लेने पर प्रक्रियाएं और संकाय स्वामित्व। सभी प्रमुख प्रक्रियाएं निदेशक केंद्रित हैं। जबकि अधिक से अधिक संकाय स्वामित्व की दिशा में कार्य किया जा रहा है, और अधिक होने की आवश्यकता है, जैसे संकाय विकास एवं मूल्यांकन समिति।

ग- कर्मचारियों की क्षमता

घ- बजट संतुलन आवश्यकताओं से प्रेरित विशेष रूप से दीर्घ अवधि के कार्यक्रमों पर बहुत अधिक प्रयास किए जा रहे हैं। इससे गुणवत्ता और संस्थागत प्रतिमा पर प्रभाव पड़ सकता है।

आईआईएमएएसआर के लिए मौलिक प्रश्न यह है कि एक प्रबंध शिक्षा संस्थान के रूप में एक विशिष्ट और स्थायी प्रस्तुति करने की दिशा में कैसे आगे बढ़ें। राष्ट्रीय स्तर पर 20 आईआईएम में प्रतिस्पर्धा और उत्तरी क्षेत्र में छह आईआईएम से अधिक निकटता को देखते हुए, यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

इसे इस संदर्भ में देखा जाना चाहिए कि भारत में आर्थिक विकास हेतु मानव क्षमता निर्माण करने के लिए अधिक आईआईएम संस्थान स्थापित किए गए हैं। जबकि भारत विकास के पथ पर जो दोहरे अंकों में पहुंच रहा है, उसमे पंजाब में उतार-चढ़ाव देखा गया है। पंजाब जीडीपी हेतु एक उद्यमशील राज्य रहा है, यह वर्ष 1981 में भारतीय राज्यों में प्रथम स्थानपर था लेकिन हाल के वर्षों में गिरकर 15वें स्थान पर आ गया। इसकी अर्थव्यवस्था का 25% का कृषि क्षेत्र यह भारतीय राज्यों में सबसे अधिक है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र भी आकांक्षी हैं, आधुनिकीकरण और विकास के अवसरों पर कार्यरत हैं।

मूल्यांकन एवं समीक्षा करते समय ईआरसी ने उपरोक्त मौलिक प्रश्न और संदर्भ को प्रथम स्थान रखा है। यह रिपोर्ट 12 भागों में लिखित है। प्रथम भाग एक संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करता है। द्वितीय भाग शासन एवं नीति पर केंद्रित है, इसके बाद शिक्षाक्रम और फिर छात्र हैं। पांचवां भाग यह संकाय एवं क्षेत्र प्रोफाइल पर है, उसके बाद अनुसंधान, और केंद्र, और फिर कार्यकारी शिक्षा एवं उद्योग संपर्क पर है। आठवां भाग यह वित्त एवं प्रशासन पर है और उसके बाद संरचना के बारे मे विवरण प्रस्तुत किया गया है। इसके बाद हमने विशेष विषयों पर ध्यान दिया हैं। दसवें भाग में, हम वैश्वीकरण और स्थानीयकरण में मुद्दों को जानकारी प्रस्तुत करते हैं, और इसके बाद नैतिकता, उत्तरदायित्व और स्थिरता पर एक भाग प्रस्तुत करते हैं। बारहवां भाग यह निष्कर्ष प्रदान करता है।

भाग -2: शासन एवं नीति

संस्थान उद्योग क्षेत्र के सदस्यों, शिक्षाविदों और राष्ट्रीय एवं राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ शासी मंडल द्वारा शासित है। वर्तमान में मंडल में दो संकाय सदस्यों सहित 13 सदस्य हैं। निदेशक, संकायाध्यक्षों और विभिन्न शैक्षणिक समितियां संस्थान की आंतरिक शासन प्रणाली का गठन करती हैं।

वर्तमान में, संस्थान का शासी मंडल और इसका कार्यकारी नेतृत्व आईआईएम अधिनियम 2017 के अनुरूप प्रणाली और प्रक्रियाओं को स्थापित करने पर कार्यरत है। जबकि सरकार आईआईएम की दैनिक गतिविधियों में हस्तक्षेप नहीं करती है, मात्र, समाज में वंचित समूहों के लिए आरक्षण और संकाय और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए भर्ती मानदंड जैसे कुछ राष्ट्रीय नीति दिशानिर्देश होते हैं जिनका आईआईएम को पालन करना होगा। संस्थान को शुल्क, नए कार्यक्रमों, कार्यकारी शिक्षा और परामर्श सेवाओं के संबंध में कार्यात्मक स्वायत्तता प्राप्त है। इसे सरकार या किसी मूल संगठन के साथ अपने अधिशेष को साझा करने की आवश्यकता नहीं है और यह अपनी निवेश प्राथमिकताओं पर निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है।

"विश्व स्तर पर जुड़ा तथा स्थानीय रूप से उत्तरदायी, गुणवत्ता प्रबंधन शिक्षा, सलाहकार और अनुसंधान प्रदान करने वाले एक विशेष प्रबंध संस्थान के रूप में समाज द्वारा सन्माणित होना" यह संस्थान का ध्येय है।

"विद्वता एवं प्रामाणिकता के आधार पर नेतृत्व विकसित कर समाज को प्रभावी रूप से बनाए रखने के लिए सक्षम करना" यह संस्थान की लक्ष्य है।

संस्थान का लोगो कुछ संशोधनों के साथ स्वर्ण मंदिर, अमृतसर में स्थित "जीवन पुष्प (फ्लॉवर ऑफ लाइफ)" टाइल डिजाइन से प्रेरित है, और लोगो के रंग हमारे राष्ट्रीय ध्वज से प्रेरित हैं जो एक वैश्विक मंच पर अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति संस्थान के समर्पण को दर्शाता है। इसमें " प्रज्वलित संभावनाएं (इग्निटिंग पॉसिबिलिटीज)" की शीर्ष पंक्ति भी है। कुछ प्रमुख संस्थागत मूल्य निश्चित करने पर संस्थान सक्रिय रूप से विचाराधीन हैं।

अनुसंधान और विकास, निरंतर पाठ्यचर्या नवाचार, कार्यक्रम की प्रस्तुति की नियमित समीक्षा, कॉर्पोरेट क्षेत्र के साथ जुड़ाव और अंतरराष्ट्रीय और बाहरी संबंधों को मजबूत करने के रूप में अपनी लक्ष्य और ध्येय के लिए संस्थान ने अपनी महत्वपूर्ण पहचान बनाई है।

संस्थान के कामकाज की आवधिक समीक्षा करना; बजट की निगरानी; शिक्षण शुल्क दरों, पदोन्नति, संकाय प्रोत्साहन, और इसी तरह की पुष्टि करना, इन जैसे विषयों पर शासी मंडल मुख्य रूप से संबंधित है। वर्तमान में, मंडल की एक वर्ष में चार बैठकें होती हैं।

जबकि निदेशक आईआईएमएएसआर का शैक्षिक एवं प्रशासनिक प्रमुख है और शासी मंडल के लिए भी जिम्मेदार है, शैक्षिक एजेंडे का दैनिक प्रशासन एक संकायाध्यक्ष और कार्यक्रमों/गतिविधि समितियों के अध्यक्षों द्वारा किया जाता है। शैक्षणिक कार्यक्रमों और गतिविधियों के समन्वय के लिए संकायाध्यक्ष (प्रभारी) जिम्मेदार है।

आईआईएमएएसआर की नीति मुख्य रूप से निदेशक और आंतरिक शासन टीम के इनपुट के साथ शासी मंडल बैठकों में तैयार की गई ऐसा प्रतीत होता है। इसके अलावा, शैक्षिक परिषद (एसी) प्रमुख शैक्षिक समन्वय और नीति तैयार करने वाली संस्था है, जो मंडल को सिफारिशें प्रस्तुत करती है। आईआईएमएएसआर द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक कार्यक्रम के लिए एक ऐसी छह कार्यक्रम समितियां (एमबीए, एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स (बीए)), एमबीए (मानव संसाधन (एचआर)), कार्यकारी एमबीए (ईएमबीए), डॉक्टरेट कार्यक्रम और कार्यकारी शिक्षा) भी हैं तथा कई गतिविधि समितियाँ (जैसे, पुस्तकालय एवं अनुसंधान समिति, जो संकाय अनुसंधान संबन्धित है; प्रवेश समिति, जो विभिन्न कार्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया से संबन्धित है, रोजगार (प्लेसमेंट) समिति, छात्र मामलों की समिति, जो छात्र के लिए जिम्मेदार है कल्याण और गतिविधियों, आदि) शामिल है।

संस्थान ने शिक्षा मंत्रालय के साथ एक वार्षिक समझौता ज्ञापन किया है, जिसमें ध्येय, लक्ष्य और उद्देश्य; स्वायत्तता का अभ्यास और वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन; प्रदर्शन मूल्यांकन निकष और लक्ष्य; सरकार से सुविधा / सहायता; और कार्यान्वयन के लिए कार्य योजना और समझौता ज्ञापन की निगरानी जैसे पांच व्यापक क्षेत्रों को रेखांकित किया गया। विशेष भार और नकारात्मक अंकन प्रावधान के साथ सात आयाम और 19 प्रदर्शन मूल्यांकन निकष है। संस्थान की रेटिंग उत्कृष्ट, बहुत अच्छा, अच्छा, उचित और निकृष्ट के रूप में समेकित प्राप्तांक पर आधारित होगी।

संस्थान का प्रदर्शन यह शिक्षा मंत्रालय और संस्थान के बीच एक संयुक्त अभ्यास होगा, और परिणामों की समीक्षा मंडल द्वारा की जाएगी है। निदेशक के मूल्यांकन के लिए एक रूपरेखा भी उपस्थित है। यह आठ आयामों और 30 मापदंडों पर आधारित है। ईआरसी को लगता है कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में निदेशक के प्रदर्शन का मूल्यांकन एमओयू के अनुरूप होना चाहिए। मंडल द्वारा इस रूपरेखा की नियमित रूप से समीक्षा की जानी चाहिए।

मंडल का गठन अभी पूर्ण नहीं हुआ है, और उसके लिए दो और पदों को भरने की आवश्यकता है। ईआरसी को लगता है कि संस्थान को इस अवसर का उपयोग करना चाहिए और मंडल को विदेशों के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों या उद्योग जगत के नेताओं के साथ एक अधिक अंतरराष्ट्रीय आकार देना चाहिए। इससे भविष्य में संस्थान की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग और मान्यता में सहायता मिलेगी।

अंत में, राष्ट्रीय महत्व के एक शैक्षिक संस्थान के लिए संस्कृति स्थापित करना महत्वपूर्ण है। आईआईएमएएसआर यह सात वर्ष पुराना संस्थान है, जिसमें अधिकांश वर्तमान संकाय सदस्य नए

पीएचडी हैं, जिनके पास संस्थान निर्माण का बहुत कम या कोई अनुभव नहीं है। यह भी स्वाभाविक है कि अपनी वर्तमान स्थिति में निदेशक या संकायाध्यक्ष अधिकांश व्यवस्था को चलाएंगे। इस व्यवस्था के अपने फायदे और नुकसान हैं। जबकि शीर्ष नेतृत्व द्वारा कल्पना की गई अधिकांश पहलों को लागू किया जाएगा, तब संकाय निकाय की भागीदारी के लिए हमेशा आश्वस्त नहीं हो सकते है, और समय के साथ यह समस्या बढ़ सकती है। इस संबंध में संकाय स्वामित्व बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने हैं, उदाहरण के लिए, वितरित नेतृत्व के लिए कुछ वरिष्ठ संकाय को नियुक्त करना, भविष्य की गतिविधियों पर चर्चा करने और सामूहिक रूप से निर्णय लेने के लिए आवधिक दृष्टि अभ्यास आयोजित करना आदि, शामिल है।

भाग -3: शिक्षाक्रम

आईआईएमएएसआर की शुरुआत 2015 में 44 छात्रों के साथ दो वर्षीय पीजीपी (पीजिडिएम प्रदान करने वाले) शिक्षाक्रम के साथ हुई थी। प्रवेशीत छात्रों की संख्या प्रत्येक वर्ष बढ़कर 104 (2016 - दो विभाग), 95 (2017), 106 (2018), 146 (2019), 212 (2020 - तीन विभाग) और 233 (2021) हो गई। आईआईएम अधिनियम लागू होने के बाद एमबीए को लागू किया गया था। यह कार्यक्रम अच्छे गुणवत्ता वाले छात्रों के साथ दृढ़ हो गया है। वर्तमान छात्र और पूर्व छात्र प्रगति से संतुष्ट हैं। जबकि रोजगार अनुपात में सुधार हुआ है, इसमें और सुधार करने की आवश्यकता है।

वर्ष 2021 में, तीन और एमबीए कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ये एमबीए (बीए), एमबीए (एचआर) और एक ईएमबीए हैं। इनमें क्रमशः 40, 40 और एक खुली संख्या के अपेक्षित बैच आकार के विरुद्ध 24, 13 और 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इन कार्यक्रमों की निरंतरता को अच्छेसे जांचे जाने की आवश्यकता है। यह तथ्य है कि एमबीए (एचआर) ने कुछ ही छात्रों को आकर्षित किया है, यह दर्शाता है कि रोजगार जगत मे इसकी मांग नहीं है, या आईआईएमएएसआर द्वारा अपर्याप्त विपणन प्रयास किए गये। इन कार्यक्रमों के लिए रोजगार (जॉइनिंग टू ऑफर) अनुपात बहुत कम है। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि शायद ही किसी सामान्य श्रेणी के छात्रों ने इस विशेषज्ञता को चुना हो। जबकि व्यवसाय जगत बहुत बड़ा है, एमबीए (बीए) के लिए भी स्थिरता का प्रश्न है, क्योंकि अन्य संस्थानों के अलावा विभिन्न आईआईएम, आईआईटी और आईआईआईटी द्वारा ऐसे कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। हम संदेह का जरूर लाभ भी दे सकते हैं, क्योंकि यह इन कार्यक्रमों के शुभारंभ का पहला ही वर्ष है।

यह एमबीए बनाम विकासशील विशेषज्ञताओं में सामान्य प्रबंध की प्रस्तुत पर ध्यान केंद्रित करने का प्रश्न उठाता है। क्या आईआईएमएएसआर की स्थिति में विशिष्टता के लिए विशेषज्ञता की आवश्यकता है? क्या विशेषज्ञताओं (जैसे कि जिन्हें हमने चुना है - एचआर और बीए, या कृषि, स्वास्थ्य देखभाल या यहां तक कि फार्मास्युटिकल आदि जैसी क्षेत्रीय संभावनाएं) को कार्यात्मक होना चाहिए। यदि हां, तो वह प्रक्रिया क्या है जिसके द्वारा विशेषज्ञताओं का चयन किया जाता है? नि:संदेह, आईआईएमएएसआर यह अभिनव संस्थान होना चाहिए, लेकिन यह देखना महत्वपूर्ण है कि पहले के आईआईएम संस्थानोंने विशेषज्ञताओं की प्रस्तुति में बहुत सतर्क रहे हैं, और मांग और उत्पाद डिजाइन पर अधिक अभ्यास किया है।

ईएमबीए भी वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। प्रथम वर्ष के बैच के लिए चौंतीस छात्रों का प्रवेश यह उचित प्रतीत होते हैं, हालांकि कार्यक्रम को बनाए रखने के लिए फिर से सावधानीपूर्वक इसके विपणनपर विचार करना आवश्यक होगा। यह महत्वपूर्ण है कि मात्र 102 के आवेदनों से 79 ऑफर दिए गए थे। इसके अलावा, प्रवेश के लिए सीएटी परीक्षा से प्रस्तुत किए गए 52 में से 13 (25%) प्रवेशित हुए,

जबकि आईआईएमएएसआर के स्वयं के परीक्षण से प्रस्तावित 27 में से, जिसे आईआईएम अमृतसर प्रवेश परीक्षा (आईएएटी) कहा जाता है, जिससे 21 (78%) प्रवेशित हुए। गुणवत्ता के दृष्टिकोण से, कार्यक्रम के लिए कई और आवेदन सुनिश्चित करके चयनात्मकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। इस आधार पर कि सीएटी और आईएएटी दोनों माध्यमों ने तुलनीय गुणवत्ता के प्रतिभागियों को लाया है, आईएएटी के पास कार्यक्रम के लिए अधिक स्थिरता है। यह स्वाभाविक है, क्योंकि कई संस्थानों में सीएटी स्कोर स्वीकार्य हैं, और इसलिए अधिक गतिशीलता प्रदान करते हैं।

आईएएटी प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश पर अधिक ध्यान केंद्रित करना एक सराहनीय उपाय है। हालांकि, इसके बाद गुणवत्ता सुनिश्चित करनी चाहिए। यह जहां भी परीक्षा आयोजित की जाती है, वहां विविधता को सीमित कर सकता है, लेकिन प्रमुख महानगर अभी भी आवश्यक विविधता को सक्षम कर सकते हैं। दूसरी ओर, भले ही प्रतिभागी पड़ोसी क्षेत्रों से अधिक हों, यह भी स्थानीय महत्व के लिए दिया जा सकता है, जो की आईआईएम स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

अधिक 'स्थिरता' प्राप्त करने के लिए, एमबीए विशेषज्ञताओं को प्रवेश पर एक ही विचार दिया जा सकता है। आईएएटी परीक्षा देने वाले आखिरकार एक और आईआईएम के बजाय आईआईएमएएसआर के बारे में गंभीरता से सोच रहे होंगे। यह एक मुद्दा है कि क्या 'केवल सीएटी' माध्यम के बिना गुणवत्ता या ब्रांड धारणा कम हो सकती है। आईआईएमएएसआर को इस पर ध्यान देने की जरूरत है कि भर्तीकर्ता इसे कैसे देखते हैं। यह ईएमबीए के लिए यह मुद्दा ही नहीं है, क्योंकि इसमे प्लेसमेंट प्रदान नहीं किया जाता। हालांकि, पुराने आईआईएम के ईएमबीए, पीएचडी और इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (आईपीएम) कार्यक्रमों में इस समस्या को दूर किया गया है। आईआईएमएएसआर में भी, प्रस्तावित आईपीएम एक विशिष्ट परीक्षा की समान नीति की योजना बना रहा है, भले ही वे अपने चौथे और पांचवें वर्ष में सीएटी मार्ग से आने वाले एमबीए में प्रवेशित हों।

पीएचडी कार्यक्रम वर्ष 2020 में शुरू किया गया था और अभी-अभी दूसरे बैच में प्रवेश लिए है। वर्ष 2020 में एक और वर्ष 2021 में पांच छात्र प्रवेशित हुए। छात्रों को पाठ्यक्रमों का एक समृद्ध सेट प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए दूसरे वर्ष में दो कार्यकाल के लिए आईआईएम बैंगलोर के साथ गठजोड़ किया गया है। हमे यह जानने मिला कि डॉक्टरेट छात्रों को तीन डॉक्टरेट संगोष्ठी की प्रस्तुती की जाएगी। यह आशा की जाती है कि भविष्य के वर्षों में और अधिक डॉक्टरेट पाठ्यक्रमों की प्रस्तुती की जाएगी। जबकि प्रारंभिक वर्षों के लिए आईआईएमबी गठजोड़ एक अच्छी पहल है, लंबे समय में, छात्रों को आईआईएमएएसआर पर आधारित होना चाहिए और अन्य आईआईएम में कुछ विशेष पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण करने का विकल्प दिया जा सकता है, ऑनलाइन विकल्प उपलब्ध होने चाहिए।

मूल प्रश्न यह है कि क्या पीएचडी कार्यक्रम केवल उन्हीं क्षेत्रों में प्रस्तुत किया जाना चाहिए जहां हमारे पास योग्यता उपलब्धता है, अर्थात कम से कम चार शोध सक्रिय संकाय जो पीएचडी स्तर के पाठ्यक्रम

की प्रस्तुत कर सकते हैं और छात्रों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। आईआईएमएएसआर संकाय स्वामित्व के साथ एक गुणवत्ता कार्यक्रम बनाने के लिए यह एक बेहतर नीति हो सकती है। एक संबंधित मुद्दा यह है कि क्या पीएचडी कार्यक्रम पहले वर्ष में एमबीए के साथ काफी सामान्य होना चाहिए या विशिष्ट होना चाहिए। पुराने आईआईएम ने विशिष्ट होने का मार्ग अपनाया है, क्योंकि पीएचडी छात्रों को एमबीए की तुलना में एक अलग शिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता होती है। पीएचडी छात्र को एक क्षेत्र के रूप में प्रबंध के लिए आवश्यक अनुभव देने के लिए कुछ सामान्य पाठ्यक्रम पर्याप्त होने चाहिए। पोस्ट-डॉक्टोरल कार्यक्रम में संकाय योग्यता उपलब्धता का एक ही मुद्दा जारी है, खासकर यदि उनसे अनुसंधान और प्रकाशन पर संकाय के साथ काम करने की आशा की जाती है।

एक अन्य कार्यक्रम जिसे वर्ष 2022 में प्रस्तुत करने की योजना बनाई जा रही है, वह है पांच वर्षीय आईपीएम कार्यक्रम है। इसमें मात्रात्मक वित्त एवं अर्थशास्त्र में विशेषज्ञता होगी। विशेषज्ञता विशिष्टता प्रदान करती है और समकालीन होती है। स्नातक स्तर पर कई पाठ्यक्रमों की प्रस्तुती की आवश्यकता को देखते हुए, यह प्रश्न उठता है कि प्रारंभिक वर्षों में कौन अध्यापन करेंगे? यदि एक पारंपरिक विश्वविद्यालय से हैं, तो उन्हें बहुत अधिक शैक्षणिक पर्यवेक्षण की आवश्यकता होगी। इस संदर्भ में, कार्यक्रम निदेशकों की भूमिका और प्रशासनिक सहायता बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है।

कई कार्यक्रमों को देखते हुए, कार्यक्रमों में पाठ्यक्रम की प्रस्तुती के तालमेल का लाभ उठाना महत्वपूर्ण है। हम देखते हैं कि सामान्य प्रबंध में एमबीए के साथ-साथ एमबीए (बीए) और एमबीए (एचआर) प्रस्तुत किए गए है। विशेष रूप से ऐच्छिक के लिए, उपयुक्त शेड्यूलिंग द्वारा, जहां संभव हो, कार्यकारी एमबीए को भी इसी शृंखला में लाना उपयुक्त होगा। ईएमबीए और एमबीए प्रतिभागियों वाली ऐसी कक्षाओं में विविधता पुराने आईआईएम में अच्छी तरह से प्राप्त हुई है।

विश्लेषिकी में एक वर्षीय प्रमाणन कार्यक्रम यह एक और दीर्घ अवधि का कार्यक्रम शुरू होने वाला है। यह एक प्रारंभिक रोजगार कार्यक्रम के रूप में नए स्नातक पदवी धारकों पर लक्षित है और यह एक ऑनलाइन प्रस्तुत है। बाजार की प्रवृत्ति को देखते हुए, इस तरह के और अधिक ऑनलाइन कार्यक्रमों की प्रस्तुत करने के लिए जगह हो सकती है, यहां तक कि उनके शुरुआती करियर में कुछ अनुभव की भी आवश्यकता होती है। (यह कार्यकारी कार्यक्रम अनुभाग में ही जा रहा है)।

अन्य उच्च-गुणवत्ता वाले संस्थानों के सहयोग से कार्यक्रम करने की गुंजाइश है। उदाहरण के लिए, आईआईटी-रोपड़, एम्स-भटिंडा, राजीव गांधी विधि विश्वविद्यालय, पटियाला, आईआईएसईआर-मोहाली, एनआईपीईआर-मोहाली, एनआईटी-जालंधर के साथ।

अंतर्निहित गुणवत्ता और विशिष्टता का प्रश्न है: क्या हम सहक्रियात्मक तरीके से कार्यक्रमों की प्रस्तुत कर रहे हैं या क्या हम अपने योग्यता उपलब्धता को बहुत जल्द बढ़ा रहे हैं? हम अधिक परिणाम

प्राप्त करने के लिए सहयोग का लाभ कैसे उठाते हैं? एक संबंधित प्रश्न यह है कि क्या हमें अधिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती करनी चाहिए या स्थापित कार्यक्रमों में अधिक अनुभाग जोड़ना चाहिए?

भाग -4: छात्र

समिति को लगा कि सीएटी स्कोर और प्रतिस्पर्धी माहौल के आधार पर छात्रों की गुणवत्ता अच्छी है। भूगोल की दृष्टि से विविधता बढ़ रही थी। अनुभव प्रोफाइल ने उचित विविधता प्रदर्शित की। लिंग और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के संदर्भ में विविधता विषम थी। बेहतर संतुलन प्राप्त करने के लिए इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। सामाजिक विविधता सरकारी नियमों को ध्यान में रखते हुए थी। आईपीएम शुरू होने के साथ, तीन वर्षों में, अकादमिक पृष्ठभूमि में एमबीए की विविधता स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी क्योंकि आईपीएम छात्र एमबीए में शामिल हो जाते हैं। अन्य संस्थानों के साथ साझेदारी में कार्यक्रम करने की संभावना का लाभ उठाने से भी कार्यक्रमों में और निश्चित रूप से परिसर में विविधता आ सकती है।

प्रस्ताव देने और उचित गुणवत्ता वाला बैच प्राप्त करने के लिए कई छात्रों (प्रस्तावों का लगभग दस गुना) का साक्षात्कार करने की चुनौती थी। यह चुनौती बनी रहेगी, एक नया आईआईएम होने के नाते, और सीएटी स्कोर की गतिशीलता को देखते हुए। जबकि सीएटी को एक प्रवेश माध्यम के रूप में बनाए रखा जाना चाहिए, आईआईएमएएसआर को उन माध्यमों के बारे में सोचना चाहिए जो अधिक 'स्थिरता' प्रदान करेंगे। आईआईएमएएसआर और/या अन्य संयुक्त/एकीकृत कार्यक्रमों द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से प्रवेश पर विचार किया जाना चाहिए।

समिति ने आईआईएमएएसआर में अपने अनुभव पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में लगभग 50 छात्रों के नमूना आधार पर बातचीत की। उनका प्राथमिक जानकारी यह थी कि वे शैक्षिक, सह-पाठ्यचर्या और पाठ्येतर अनुभव से खुश थे। वे आवास और भोजन के लिए छात्रावास की गुणवत्ता से भी संतुष्ट थे। उनके आवास और परिसर में कक्षाओं के बीच की दूरी को देखते हुए, बस के लिए लगने वाले समय पर एकमात्र चिंता थी। द्वितीय वर्ष के छात्र विशेष रूप से प्रभावित हुए थे, जब उन दिनों कक्षाओं के बीच लंबा अंतराल था - या तो उन्हें एक अतिरिक्त यात्रा पर समय गंवाना पड़ता था या परिसर में रहना पड़ता था जहां वे इंटर-क्लास समय का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं कर सकते थे। आशंका जताई जा रही थी कि स्वयं के परिसर के निर्माण से ये समस्याएं खत्म हो जाएंगी।

इस शैक्षिक वर्ष के कई कार्यक्रमों को देखते हुए, उन्होंने महसूस किया कि इंटर-प्रोग्राम कनेक्शन कुछ सामान्य मूल और ऐच्छिक पाठ्यक्रमों दोनों के संदर्भ में एक अवसर होगा, जहां कार्यक्रमों में छात्र विविधता सीखने को बढ़ा सकती है। सह-पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों में समृद्ध सहभाग भी हो सकता है।

दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान पांच स्नातक बैच के 12 पूर्व छात्रों के साथ बातचीत हुई। वे खुश थे कि पहले बैच के बाद के वर्षों में छात्र अनुभव में सुधार हो रहा था। सिस्टम और प्रक्रियाएं, विशेष रूप

से प्लेसमेंट में, पूर्णकालिक निदेशक के आने के साथ एक अतिरिक्त बढ़ावे के साथ ऊपर उठी थीं। रोजगार (प्लेसमेंट) के अवसर वर्षों से बढ़ रहे थे। ऐसे भी उद्योग समूह थे जो भर्ती प्रक्रिया और भर्तियों से खुश होने के कारण हर वर्ष आने का निर्णय किया था। इस वर्ष, 2022 स्नातक बैच के लिए स्थायी प्लेसमेंट, और 2023 स्नातक बैच के लिए ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट सामान्य रूप से अर्थव्यवस्था में तेजी से था। आईआईएमएएसआर ने इस प्रथा को बनाए रखा है।

"बुद्धि और सत्यनिष्ठा के साथ विकासशील नेताओं" के हमारे दृष्टिकोण के संदर्भ में छात्रों के वास्तविक परिवर्तन को समझने के लिए, ऐसे निकष विकसित करना महत्वपूर्ण है जिनका मूल्यांकन स्नातक होने के तीन और / या पांच वर्षों बाद किया जा सकता है। इसे अतिशीघ्र लागू किया जाना चाहिए, खासकर जब से आईआईएमएएसआर को इस स्नातक प्रोफ़ाइल के साथ पूर्व छात्र मिले हैं। एक बार यह प्रणाली लागू हो जाने के बाद, पूर्व छात्रों की भागीदारी के साथ इसे बनाए रखना सरल होगा। इस तरह की व्यवस्था से अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी मदद मिलेगी।

पूर्व छात्र, अपनी ओर से, नए बैच अभिविन्यास, वक्ता श्रृंखला, प्रमुख शहरों में मिलन समारोह, और यहां तक कि प्रवेश साक्षात्कार में भाग लेने जैसे कार्यक्रमों के लिए प्राथमिक संस्थान के साथ जुड़ने की आशा कर रहे थे।

भाग -5: संकाय एवं क्षेत्र प्रोफ़ाइल

31 दिसंबर, 2021 तक संस्थान में अट्ठाईस संकाय सदस्य हैं, जिनमें से लगभग आधे सदस्यों की भर्ती पिछले दो वर्षों में की गई है। हाल के दिनों में संख्या में इस प्रभावशाली वृद्धि ने संस्थान में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए किए गए उपायों को बढ़ावा दिया है।

संस्थान के संकाय सदस्य निम्नलिखित आठ क्षेत्रों में से एक से संबंधित हैं।

क- संचार
ख- अर्थशास्त्र
ग- वित्त, लेखा एवं नियंत्रण
घ- सूचना प्रौद्योगिकी और कम्प्यूटेशनल सिस्टम
ङ- विपणन
च- संगठनात्मक व्यवहार एवं मानव संसाधन
छ- मात्रात्मक तरीके और संचालन प्रबंध
ज- नीतिक प्रबंध

संचार क्षेत्र, जिसमें दो संकाय सदस्य सहभागी हैं, ईएमबीए सहित सभी कार्यक्रमों में तीन मुख्य पाठ्यक्रम और दो वैकल्पिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है। इस क्षेत्र ने कुछ कार्यक्रमों के लिए विशिष्ट ऐच्छिक प्रस्तुत करने की योजना भी तैयार की है। पिछले तीन वर्षों में दस प्रकाशन प्रकाशित हुए हैं और पांच शोध विषय तैयार किए गए हैं। इनमें सार्वजनिक बोलने मे बेचैनी, आपात संचार, नीतिक संचार, वित्तीय और निवेशक संचार और कार्यरत लोगों के लिए मिश्रित अध्ययन शामिल हैं। इस क्षेत्र को लगता है कि सीमित संख्या में विशेष संचार ऐच्छिक हैं और लिखित संचार कार्यक्रमों में अकादमिक कठोरता को लागू करने के लिए शिक्षार्थियों का झुकाव कम है। हालांकि सदस्यों ने दो तीन दिवसीय प्रबंध विकास कार्यक्रमों की प्रस्तुती की है, उनका मानना है कि मुक्त एमडीपी को निर्माण करने और बढ़ावा देने में सीमित संस्थागत अनुभव है।

तीन संकाय सदस्यों वाले अर्थशास्त्र विभागने पिछले तीन वर्षों में सात प्रकाशन हैं। एमबीए में दो मुख्य पाठ्यक्रम और दो ऐच्छिक के अलावा कार्यकारी शिक्षा और एमडीपी में तीन पाठ्यक्रम वर्तमान में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। शैक्षिक प्रशासन में योगदान के अलावा, सदस्यों द्वारा छह नए ऐच्छिक प्रस्तुति करने के प्रयास किए गए। कुछ चुनौतियों, जैसा कि सदस्यों द्वारा माना जाता है, में कार्यक्रम की संरचना करना और कार्यक्रम में छात्रों के सही प्रोफाइल को स्वीकार करना शामिल है। जैसे-जैसे संस्थान नए कार्यक्रमों की शुरुआत करता है, वैसे-वैसे संकाय सदस्यों की संख्या बढ़ाने के अलावा छात्रों के लिए उद्योग जगत में और अधिक संपर्क बढ़ाने की आवश्यकता है।

वित्त, लेखा और नियंत्रण विभाग, जिसमें पांच सदस्य हैं, उन्होने नौ शोध पत्र, इसके अलावा वित्तीय समाचार पत्रों में लेख, पुस्तक समीक्षा और सम्मेलन पत्र प्रकाशित हैं। इन संकाय द्वारा एमबीए, एमबीए-बीए और एमबीए-एचआर कार्यक्रमों में आगंतुक संकाय के साथ चार मुख्य पाठ्यक्रम और ग्यारह वैकल्पिक पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इस विभाग में निर्धारण वर्ष 2022-23 से ऐच्छिक की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव है। संस्थान ने सीएफए संस्थान के साथ वित्त और लेखा पाठ्यक्रम को संरेखित किया है, जो आईआईएम अमृतसर में पाठ्यक्रम के 75% से अधिक पाठ्यक्रम सीएफए कार्यक्रम से मेल खाता है।

दो संकाय सदस्यों वाले आईटी और कम्प्यूटेशनल सिस्टम क्षेत्र ने पिछले तीन वर्षों में पांच पेपर प्रकाशित किए हैं। इस विभाग ने एमबीए-बीए कार्यक्रम के इनपुट पर विविधता की पहचान छात्रों में कौशल की सीमा को देखते हुए एक चुनौती के रूप में की है। इस मुद्दे को हल करने के विकल्पों में से एक के रूप में प्रारंभिक पाठ्यक्रमों की परिकल्पना की जा रही है।

विपणन विभाग में चार संकाय सदस्य हैं, जो एमबीए, एमबीए (एचआर) और एमबीए (विश्लेषकी) में अध्यापन करते हैं। पिछले तीन वर्षों में इन सदस्यों द्वारा कुल 26 लेख प्रकाशित किए गए हैं। विभाग उपरोक्त कार्यक्रमों में तीन मूल और चौदह ऐच्छिक विषय प्रदान करता है। जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा उनमें अनुसंधान के लिए प्रयोगशालाओं से संबंधित बुनियादी सुविधाओं की कमी और विषयगत अनुसंधान डोमेन के विकास में नवीनता शामिल है। नए पाठ्यक्रम विकसित करने की आवश्यकता महसूस की गई है और इस दिशा में एक कदम उठाया गया है।

पांच संकाय सदस्यों वाले संगठनात्मक व्यवहार और मानव संसाधन क्षेत्र ने अनुसंधान, शिक्षण, प्रशिक्षण, परामर्श और प्रभाव हस्तक्षेप के क्षेत्रों में व्यापक योगदान दिया है। एमबीए, एमबीए-एचआर, एमबीए-बीए और ईएमबीए के पहले वर्ष में ग्यारह पाठ्यक्रम और इन कार्यक्रमों में अठारह वैकल्पिक पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। सदस्यों के अनुसंधान हित चौदह विषयों में हैं। इनमें से कुछ में नेतृत्व, प्रतिभा प्रबंधन, परिवर्तन प्रबंधन, मानव संसाधन विश्लेषण आदि शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों में इन संकाय सदस्यों की शोध गतिविधियों के तहत ग्यारह प्रकाशन, एक पुस्तक अध्याय और चार सम्मेलन पत्र रिपोर्ट किए गए हैं। सदस्यों द्वारा उठाई गई कुछ चिंताओं में एमबीए एचआर कार्यक्रम के लिए सहयोगी अनुसंधान में सहभागी होने के अलावा, उपयुक्त संसाधन व्यक्तियों को खोजने की चुनौती, शिक्षण और कार्यभार मानदंडों को पूरा करने के बीच संतुलन, लंबे समय तक अकादमिक कार्यक्रमों को बनाए रखने की व्यवहार्यता, लगातार शैक्षणिक सहायता और समर्थन की कमी शामिल है।

पांच संकाय सदस्योंके साथ मात्रात्मक तरीके और संचालन प्रबंध क्षेत्र ने चौदह पत्रिका प्रकाशनों, आठ सम्मेलन पत्रों और एक पुस्तक अध्याय में योगदान दिया है। सदस्य एमबीए, और एमबीए-बीए कार्यक्रमों में शिक्षण में सक्रिय हैं। वे वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में अतिरिक्त तीन ऐच्छिक प्रस्तुत करने के प्रस्ताव

के साथ आठ मुख्य पाठ्यक्रम और नौ ऐच्छिक प्रस्तुत करने में शामिल हैं। कुछ अवसरों की पहचाने गए: अधिकारियों के लिए अनुकूलित कार्यक्रम प्रदान करना, युवा व्यावसायिकों के लिए विश्लेषिकी कार्यक्रम विकसित करना, डिजिटल परिवर्तन के साथ उच्च तालमेल, उद्योग 4.0 और एआई अनुप्रयोग, राज्य और इसके आसपास के एसएमई को परामर्श सहायता प्रदान करना, और क्षेत्र की कृषि-अर्थव्यवस्था की अनूठी विशेषताओं को समझना आदि शामिल है। चुनौतियों में पर्याप्त शैक्षणिक सहायक कर्मचारियों की कमी और मुख्य संचालन से लेकर आईटी और विश्लेषकी तक व्यावसायिक प्रक्रियाओं को कैसे शामिल किया जाए, इस पर विचार करना है।

पिछले तीन वर्षों में एक सदस्य वाले सामरिक प्रबंध विभाग में एक शोध प्रकाशन है। प्रस्तुत मुख्य पाठ्यक्रमों में छह ऐच्छिक के अलावा नियमित पूर्णकालिक शैक्षणिक कार्यक्रम में से एक और कार्यकारी एमबीए में दो शामिल हैं।

विभिन्न क्षेत्रों/विभागों में संकाय सदस्यों के साथ बातचीत के आधार पर, यह स्पष्ट था कि समग्र रूप से संकाय यह शिक्षण, अनुसंधान और प्रशासनिक गतिविधियों को कंधे से कंधा मिलाकर एक विकसनशील संस्थान की आवश्यकताओं के लिए साथ है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन गतिविधियों पर अपेक्षित ध्यान दिया गया है, इन तीन पहलुओं को एकीकृत करने वाले कार्यभार मानदंड तैयार किए गए हैं। आगे बढ़ते हुए संस्थान द्वारा शुरू की गई शिक्षण की प्राथमिक गतिविधि के आधार पर प्रत्येक क्षेत्र में संकायों को जोड़ने की सटीक आवश्यकताओं का आकलन करने की आवश्यकता है। यह देखा गया है कि कार्यक्रमों में वृद्धि के साथ-साथ कार्यभार में विविधता ने प्राथमिक शिक्षण जिम्मेदारी को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

जबकि ओबी एंड एचआरएम विभाग में शिक्षण के मामले में अब तक का सबसे बड़ा कार्यभार है, इनमें से कुछ सदस्य अनुसंधान में भी सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। पहले तीन वर्षों में मात्रात्मक वित्त और अर्थशास्त्र में बीएस पर ध्यान देने के साथ, इस क्षेत्र को प्रबंध में प्रस्तावित पांच वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम के साथ अर्थशास्त्र क्षेत्र में संकाय शक्ति बढ़ाने के लिए कुछ गुंजाइश प्रतीत होती है। संयोग से यह क्षेत्र प्रवेश से संबंधित प्रमुख शैक्षणिक प्रशासन के साथ भी निहित है। कार्यक्रम के पहले तीन वर्षों में विचार की गई संरचना की बारीकियों के आधार पर, मानविकी और सामाजिक विज्ञान से संबंधित क्षेत्र की स्थापना पर विचार करने के अलावा वित्त, लेखा और नियंत्रण क्षेत्र में संकाय सदस्यों की वृद्धि के लिए सक्रिय रूप से योजना बनाई जा सकती है।

ऐसा प्रतीत होता है कि अनुसंधान को प्रभावित नहीं करने वाली दिशाओं में सदस्यों द्वारा गतिविधियों की कुछ विषम एकाग्रता है। कुछ सदस्यों के अनुसंधान में कम उत्पादकता वाले अन्य संस्थागत गतिविधियों में योगदान देने के प्रारंभिक संकेत एक या दो क्षेत्रों में सामने आए। जब वह कार्यक्रमों के संयोजन को शुरू कर रहा हो तो संस्थान कुछ सावधानी या संयम बरतना चाहेगा। बहुत जल्दी कम होना लंबे समय में उल्टा भी हो सकता है। साथ ही, विविध श्रोताओं के प्रोफाइल वाले विभिन्न कार्यक्रमों

में अध्यापन चुनौतियों का अपनी प्रस्तुति कर सकता है और परिणामस्वरूप उत्साह में कमी आ सकती है और समरूप श्रोताओं के अतिरिक्त समूहों को अध्यापन की तुलना में कम उत्पादक हो सकता है। यह प्रश्न उठाता है कि क्या लंबी अवधि के प्रमाणन कार्यक्रमों सहित अधिक कार्यक्रमों में शामिल होने के बजाय लंबी अवधि के शैक्षणिक कार्यक्रमों में वर्गों को बढ़ाना सार्थक होगा। अनुसंधान और शिक्षण के आयामों के साथ गतिविधियों में किसी भी वृद्धि को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि युवा संकाय सदस्यों पर अधिक प्रशासनिक जिम्मेदारियों का बोझ न पड़े। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि प्रशासनिक सुविधा के लिए क्षेत्रों को जोड़ना ठीक हो सकता है, लेकिन उनमें से प्रत्येक के लिए पहचान को महत्व देना आवश्यक है।

कार्यभार के मुद्दों के बावजूद, संकाय सदस्यों को बहुत सकारात्मक रूप से आने के लिए बधाई दी जानी चाहिए, लेकिन प्रश्न यह है कि यह कब तक चल सकता है। कार्यभार के किसी भी संकेत को इस तरह से स्थानांतरित करने के लिए जो अनुसंधान पर प्रशासनिक गतिविधियों को थोड़ा अधिक महत्व देता है, एक संकाय सदस्य में पहचाना जाना चाहिए और संकाय सदस्य को प्रशासन से हटा दिया जाना चाहिए और अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

संकाय सदस्यों की भर्ती के लिए एक समिति प्रक्रिया प्रचलित है, और ये समितियां प्रत्येक क्षेत्र के लिए विशिष्ट हैं। संकाय से संबंधित कुछ पहलुओं को एक स्थायी संकाय विकास और मूल्यांकन समिति (एफडीईसी) का गठन करके और वरिष्ठ स्तर पर प्रोफेसरों की नियुक्ति करके दीर्घकालिक आधार पर संबोधित और सुव्यवस्थित किया जा सकता है। एफडीईसी शुरू करने के लिए अन्य आईआईएम के कुछ वरिष्ठ संकाय सदस्यों का गठन कर सकता है और सभी क्षेत्रों के संकाय सदस्यों के विचारों पर विचार किया जा सकता है और उन्हें पदोन्नति और भर्ती अभ्यास में शामिल किया जा सकता है। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि प्रस्ताव को अत्यधिक लोकतांत्रिक बनाने के बजाय प्रस्ताव तैयार करते समय संकाय की परिपक्वता को ध्यान में रखा जाना चाहिए। संस्थान ने कम विशेषाधिकार प्राप्त वर्गों से संकाय सदस्यों की भर्ती के लिए सक्रिय रूप से गंभीर प्रयास शुरू किए हैं, जिससे विविधता लाने के लिए इसकी चिंता को दर्शाया गया है।

भाग -6: अनुसंधान एवं केंद्र

पिछले तीन वर्षों में अनुसंधान उत्पादकता के अवलोकन से, प्रकाशन के संदर्भ में उत्पादन को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। पहला डॉक्टरेट कार्य और परिणामी प्रकाशनों से संबंधित है जो एक संकाय सदस्य के कार्यकाल के दौरान आईआईएम अमृतसर के साथ अपने जुड़ाव से पहले एक शोधकर्ता के रूप में सामने आया। दूसरा यह नेटवर्क से संबंधित है जो सम्मेलनों में शोधपत्र प्रस्तुत करने से उत्पन्न हुए हैं। एक क्षेत्र/विभाग में या दो या दो से अधिक क्षेत्रों/विभागों से आपसी हित के विषयों पर काम करने के लिए एक साथ आने वाले संकाय सदस्यों के एक समूह से तीसरी श्रुखला है।

सभी क्षेत्रों/विभागों में संकाय के प्रोफाइल को देखते हुए, अधिकांश काम पहली श्रेणी से प्रतीत होता है। यह समझ में आता है क्योंकि अधिकांश संकाय सदस्य डॉक्टरेट कार्यक्रमों से हाल ही में उत्तीर्ण हुए हैं। चूंकि जो भी आउटपुट आता है उसकी आयु भी होती है जो जल्दी से समाप्त हो सकती है, और दूसरी श्रेणी के उदाहरण आम तौर पर प्रारंभिक चरणों में अस्थिर होते हैं, खासकर जब तक कि कहीं और स्थित सह-लेखकों के साथ तालमेल नहीं बनाया जाता है, इसलिए अनुसंधान की तीसरी श्रेणी को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करने के लिए संस्थान के लिए उपयोगी होगा। यह कई मायनों में उपयुक्त होगा। सबसे पहले, वर्तमान में संकाय में मौजूद बंधन को मजबूत किया जाएगा। दूसरे, यह संस्थान में किए गए शिक्षण गतिविधियों को पूरा करने में संकाय सदस्य की मदद करेगा, ताकि समूह के अन्य सदस्यों को आंतरिक रूप से मौजूद संसाधन क्षमताओं को समझने और उसे मजबूत करने में सक्षम बनाया जा सके। इस अभ्यास का तीसरा अपेक्षित परिणाम इस तथ्य का संज्ञान लेना है कि प्रत्येक क्षेत्र में संख्या की वृद्धि के साथ, विशेष रूप से सहयोग करने की आवश्यकता है जब उभरते प्रबंध मुद्दों में समाधान या दृष्टिकोण में पूरकता का अनुभव होता है। एक विशेष प्रकार के शोध को बढ़ावा देने के लिए संस्थान के इरादे को इंगित करने के लिए कार्यभार बिंदुओं की गणना में इस दर्शन को शामिल करने पर विचार करना उचित होगा। उदाहरण के लिए, संस्थान द्वारा किए गए एसआईपी तीसरी तरह की शोध गतिविधि के लिए उत्तरदायी हैं।

इस दृष्टिकोण को अपनाने का एक अपेक्षित परिणाम परामर्श के अवसरों और प्रकरण लेखन को निर्माण कर सकता है। राज्य सरकार और स्थानीय एजेंसियों की अनुमति से संस्थान द्वारा किए गए एसआईपी से मामलों की एक कड़ी विकासित होगी। इनसे संस्थान के लिए कुछ राजस्व लाने, उद्योग के लिए संकाय के लिए अधिक संपर्क प्रदान करने की संभावना है। इन प्रकरणों को संपादित करने और प्रकाशित करने के लिए संस्थान में अनुसंधान को मजबूत करने के लिए एक कठोर प्रक्रिया लागू की जा सकती है। इनके अनुसरण में एक व्यवस्थित दृष्टिकोण ऐसे केंद्रों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा जो स्थायी और संकाय सदस्यों द्वारा संचालित होंगे। संचार विभाग में वित्त से संबंधित विषयों और विपणन

से संबंधित विषयों पर काम करने वाले संकाय सदस्यों का भी उल्लेख था। सहयोग का प्रारंभिक संच इन तीन क्षेत्रों के सदस्यों को एक केंद्र के भागों के रूप में ला सकता है जो वित्त और विपणन व्यावसायिक की संचार आवश्यकताओं और संगठनों में इन दो विषयों के बीच एक बातचीत को संबोधित करता है।

